# Greater Noida: कार्गो हब होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 3 तरफ बनेगी 130 मीटर चौड़ी पेरिफेरल सड़क




नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीनों ओर 130 मीटर चौड़ी पेरिफेरल सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पूर्वी दिशा में पेरिफेरल रोड व बफर जोन बनाया जाएगा। इस रोड के जरिये ग्रेनो वेस्ट से एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर सीधे पहुंचा जा सकेगा।

**ग्रेटर नोएडा, जागरण संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पूर्वी दिशा में पेरिफेरल रोड व बफर जोन बनाया जाएगा। इस रोड के जरिये ग्रेनो वेस्ट से एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर सीधे पहुंचा जा सकेगा। बफर जोन की आरक्षित जमीन को भविष्य में जरूरत के हिसाब से उपयोग किया जाएगा।

इसमें ढांचागत सुविधा, कामर्शियल आदि इमारतें बन सकेंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण में 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल सितंबर में एयरपोर्ट से यात्री सेवाएं शुरू होंगी। नोएडा एयरपोर्ट कार्गो का हब होगा। एयरपोर्ट के पूर्वी हिस्से में कार्गो

टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कार्गो टर्मिनल के लिए एआइसैट्स के साथ अनुबंध किया है।

## 500 मीटर चौड़ाई तक बनेगा बफर जोन

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि कार्गो टर्मिनल को कनेक्टिविटी के लिए पूर्वी दिशा में पांच सौ मीटर चौड़ाई तक भूमि का बफर जोन बनाया जाएगा। इसमें पेरिफेरल रोड भी होगी। उत्तर दिशा में पेरिफेरल रोड व बफर जोन के लिए बाद में जमीन खरीदी जाएगी। एयरपोर्ट की तीन दिशाओं में पेरिफेरल रोड बनाई जाएगी। उत्तर व पूर्व में रोड के साथ बफर जोन होगा। इसमें भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जमीन आरक्षित रखी जाएगी।

Greater Noida: सोसायटी की लिफ्ट में 15 मिनट तक फंसा रहा व्यक्ति, दरवाजा तोड़कर निकाला बाहर

## किसानों की आपत्ति पर मांगे सुझाव

प्राधिकरण ने किसानों से सहमति के आधार पर जमीन क्रय करने का फैसला किया है। इस पर किसानों से आपत्ति और सुझाव मांगे हैं। एयरपोर्ट की पेरिफेरल रोड 130 मीटर चौड़ी रोड से जुड़ेगी। यह रोड ग्रेनो वेस्ट से शुरू होकर सिरसा तक बन चुकी है। आगे इसका विस्तार नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित है।